धरोहर



77 Batch


Maths Group

Reunion.................................

सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उ.मा. शाला

राजनांदगांव







या कुन्देन्दुतुषार हार धवला, या शुभ्रस्त्रावृता,
या वीणा वरदण्ड मंडित करा, या श्वेत पद्मासना,
या ब्रम्हाच्युत, शंकर प्रभृति भिः देवै सदावन्दिता,
शा मां पातु, सरस्वती, भगवती निःशेष जाड्यापहा ।
गुरु ब्रम्हा, गुरु विष्णु, गुरुदैवो महेश्वरः।
गुरु साक्षात, परम ब्रम्हा, तस्मै श्री गुरवे नमः ।।



धरोहर



संपादन
राजेन्द्र वर्मा
अजय पांडे
विमल गुप्ता

संकलन
ललित ठक्कर
राजेन्द्र बहादुर

मुख पृष्ठ एवं रेखांकन
डॉ. सुनीता वर्मा

हमारे अनन्य सहयोगी-

1. प्राचार्य एवं स्टाफ सर्वे.न.पा.नि.उ.मा.शाला
2. श्री बल्देव सिंह भाटिया, समाज सेवी
3. श्री सुभाष अग्रवाल, राजनांदगांव
4. श्री कमलेश साहू (माँ कम्प्यूटर)
5. श्री प्रदीप शर्मा, जमाल, मुकेश शर्मा (लोरी स्टूडियो)
6. श्री रवि डी. कोण्डैया
7. श्री कृष्णा यादव, सर्वे.न.पा.नि.उ.मा.शाला

मुद्रक - शारदा आफसेट, रायपुर
फोटो एवं विडियोग्राफी - लोरी स्टूडियो, राजनांदगांव



संपादकीय.....

जब कोई भी मनुष्य
अनासक्त हो
चुनौती देता है इतिहास को
उस दिन
नक्षत्रों की दिशा बदल जाती है
नियति नहीं है पूर्व निर्धारित
उसे हर क्षण
मानव निर्णय
बनाता मिटाता है.

धर्मवीर भारती

Batch 77 का यह आयोजन ऐसी ही एक चुनौती का हिस्सा है. हमें याद है, सन् 2002 में जब हम 25 वर्ष पूरे करने जा रहे थे, तब यह प्रस्ताव और आया था हम अपनी – अपनी दुनिया में इतने व्यस्त और मस्त रहे कि इसे आयोजन का रूप नहीं दे सके.
33 वर्षो बाद एक बार फिर हम सब एक जुट हुए .... प्रतिज्ञा लेकर आगे बढ़ गए. 7फरवरी रविवार का दिन सर्वाधिक महत्वहपूर्ण रहा जब भिलाई से भी हमारे सहपाठियों ने बैठक में भाग लिया और आयोजन को अंतिम रूप दिया, उस मुलाकात में 24 लोग उपस्थित थे.सभी का उत्साह देखकर लग गया था आयोजन सफल होगा.
सारे विद्यार्थीयों को ढूंढ निकालने का अभियान किसी शोधकार्य से कम महत्वपूर्ण नहीं था. सबसे बायोडाटा,फोटो,लेख एकत्रित करना निसंदेह एक दुष्कर कार्य था.दोस्तो से मिलने और उन्हें जानने की उत्कण्ठा ने सब कुछ संभव कर दिया.
हमारे गुरूजनों का उत्साह हमसे कहीं अधिक परिलक्षित हुआ इस आयोजन में स्व.श्री के.पी.साव प्राचार्य, स्व.श्री डी.एस.साव, श्री रामलाल भौतमांगे तथा सहपाठियों स्व.श्री मोरध्वज साहू, चंद्रिका प्रसाद, एम.देवेन्द्र कुमार, रविन्द्र पटनायक हमारे बीच नहीं रहे हम उन्हें श्रद्धांजली देते हैं हमे उनकी अनुपस्थिति सालती रही ठीक उसी तरह जैसे स्कूल में गांधी सभा गृह का न होना.
और अंत में मिले सुर मेरा – तुम्हारा, तो सुर बने हमारा, की तर्ज पर हमारा यह प्रयास आपकी स्मृतियों का हिस्सा बने तो आयोजन सफल होगा...

संपादक मंडल
विमल गुप्ता, अजय पांडे, राजेन्द्र वर्मा

हमारे प्रेरणा स्त्रोत
आदरणीय गुरूवर की डायरी से ...



तुम्हे जो काम सौंपा गया है,

उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से सम्पन्न करो,

यही सच्ची ईश्वर पूजा है।

स्व.श्री. के.पी.साव
हमारे प्राचार्य

आशीर्वचन

Batch 77 गणित समूह के छात्र आज अपनी शाला में एकत्रित होकर अपनी कक्षा की भूली बिसरी यादों को पुनः संजोते हुए परस्पर छात्र जीवन की भावनाओं का जो आदान-प्रदान कर रहे हैं – देखकर मुझे अपने छात्र जीवन की यादें ताजा हो रही हैं। काश: यह समय आगे नहीं बढ़ा होता ... निर्मलमन की कोमल भावनाएं शायद आज भी जीवित होती।



Batch 77 मेरे शिक्षकीय जीवन की शुरूवात है, मैं इसे कभी नहीं भूल सकता हूं। मेरा मन इस बैच के सभी आज के नागरिकों को अनेकों बधाइयाँ व ढेरों शुभकामनाएँ देने के लिए आतुर है।

यू.एस.पालीवाल
प्राचार्य
सर्वेश्वर दास न.पा.नि.उ.मा.शाला,
राजनांदगांव





आशीर्वचन



आज का दिन मेरे लिये –
जिन्होंने मुझे इस मान सम्मान
के लिये हकदार समझा,
मैं उन बच्चों को आशीर्वाद देता हूं,
जो मुझे इस स्थान के लिये चुना,
मैं आभारी हूं, शिक्षक बंधु से,
जिन्होंने मुझे अपने साथ होने का एहसास कराया
यह एक अच्छी बात है।
उन बच्चों के लिये, जिन्होंने अपने
पिता तुल्य बुजुर्ग शिक्षकों का,
मान रखकर अपने जीवन में,
आगे उंचाई पर जाने का मार्ग,
सरल कर लिये साथ ही
आशीर्वाद भी पा लिये
इसी के साथ

N.K.Shri

एन.के. श्रीवास्तव

"आशीर्वचन"



मैं डी.आर.यादव सन् 1963 में शाला में आया था, एक कच्ची मिट्टी की तरह शाला में मुझे मेरे गुरूजनों और प्रिय छात्रों की यादगार सीख मिली। मैं Physics, Chemistry और mathematics तीनों विषयों के अध्यापन करता रहा हूं। लेकिन Chemistry के अध्यापन के लिए मुझे अधिक समय मिला । तीनों विषयों में समान दक्षता रही हैं। बोल चाल की भाषा में सिनेमा और टी.वी. में कहा जाता है डांस, ड्रामा, से दैनिक जीवन में आपकी Chemistry ठीक ठाक रही । इसी Chemistry अध्यापन में सूत्र जमाते जमाते मै एक पथ में चला गया और मेरी Chemistry योग और आध्यात्म में जम गई । आज आशीर्वचन में मै इस 'नवीन' डी.आर.यादव की ओर से कुछ सूत्र प्रस्तुत कर रहा हूं :-

गीता से :-

अ. यदा-यदा ही धर्मस्य, ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानम् धर्मस्य, तदात्मानं सृजाम्य हम् ।।

स. परित्राणाय साधूनां, विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्म संस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ।।



डी.आर.यादव

"आशीर्वचन"



सर्व.दा.न.पा.नि.उ.मा.शाला, राजनांदगांव के सन् 1977 के कक्षा एकादश 'अ' (गणित) के भूतपूर्व छात्रों का यह अभूतपूर्व सम्मेलन एक अभिनव कार्यक्रम हैं। समय के इस लम्बे अन्तराल (1977 से 2010 – 33 वर्ष) में आपने अपनी योग्यता, परिश्रम, लगन से समाज में स्वयं को एक प्रतिष्ठित नागरिक के रूप में स्थापित किया हैं, जो कि शिक्षा का एक मूलभूत उद्देश्य भी हैं।

अपने विद्यार्थी जीवन में आप परस्पर किस प्रकार व्यवहार करते थे ? किस प्रकार हंसी–मजाक करते थे ? किस प्रकार शरारत करते थे ? किस प्रकार भविष्य की योजनाएं बनाते थे ? सम्मेलन के इन क्षणों में, उन सब बातों की यादें ताजा हो जायेंगी । आप अद्भुत आनन्द और उल्लास की लहरों के बीच स्वयं को पायेंगे।

आपके इस कार्यक्रम को देखकर मुझे भी अपना विद्यार्थी जीवन याद आने लगा हैं और क्षण भर के लिये ही सही, मैं अपने विद्यार्थी जीवन के उस कल्पना–लोक में खो गया । सचमुच ही किसी भी व्यक्ति के लिये, उसके विद्यार्थी जीवन के स्मृति, उसे आनन्द से रोमांचित कर देने के लिये पर्याप्त होती हैं। आपने समय रथ–चक्र को पीछे घुमाकर पुनः अपने आपको, उस विद्यार्थी जीवन के समय में स्थापित करने का प्रयास किया हैं।

आपने आनन्द और उल्लास के इन क्षणों में मुझे आमंत्रित कर गौरवान्वित किया हैं। आपके इस सम्मान के लिये मैं हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपने हृदय के अन्तराल गहराइयों से कामना करता हूं, कि आप सब का पारिवारिक जीवन वर्षा के प्रवाह की भांति वेगवान, शरद के धान्य की भांति परिपूर्ण हों । जीवन की समस्त खुशियां आपको लब्ध हो, आप समाज के अग्रगति में अपना योगदान प्रदान करते रहें।

इति शुभमस्तु ...

जी.एस.श्रीवास्तव

"आशीर्वचन"

33 वर्ष बाद, एक बार फिर आप सभी के बीच खुद को पाने की सोच मात्र से अभिभूत हूं। मैं रोमांचित हूं, बैच–77 के सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ पूरे दिन भर गुजारने की कल्पना मुझे रह–रह कर उन यादगार स्मृतियों को पुनः संजोने के लिए प्रेरित कर रही है जो समय की परछाइयों में धूमिल हो रही हैं।



शैक्षणिक जीवन के दौरान और उसके बाद जीवन संघर्ष की कथा अनोखी रही होगी । निश्चित ही उन पुरानी यादों को कड़ी दर कड़ी संजोना एक अनूठा प्रयास हैं। शेष जिन्दगी जीने के लिए यह पहल स्मरणीय होगी।

ईश्वर आप सभी को स्वस्थ्य रखे, उत्तोत्तर सफलता की कामना सहित ...

एम.एल.शर्मा

77

Batch 77 (Maths Group)

के अपने छात्रों के लिए



''हर छात्र के मन में सुनहला स्वप्न पलता हैं ।
अपने छात्रों के ताने-बाने से शिक्षक,
देश का भविष्य बुनता हैं।।
गुरू-शिष्य के बीच पिता-पुत्र सा,
मधुर संबंध खिलता हैं।
33 सालों के दिर्घ अंतराल में सब बदल कर भी,
सब कुछ नहीं बदलता हैं''
अपने छात्रों के लिए असीम स्नेह के साथ ...

मुरली हरिहरनो
नक्षत्र लोक, राजनांदगांव



77 के गणित समूह के छात्र-छात्राओं द्वारा पुनर्मिलन समारोह का आयोजन एक अनूठा प्रयास हैं।
उस समय के शिक्षक और छात्र-छात्राओं का आपस में मिलन एक सुखद आनंद हैं।
उन परिपक्व छात्र-छात्राओं को जो आज के भविष्य के पत्थर हैं, शुभकामनायें।

एम.एन.लाल

आगे बढ़ने वालों को, थोड़ा रूककर, थोड़ा पीछे मुड़कर देखना, उन धुंधले क्षणों को याद करना विश्राम दायक होता हैं। इस तरह का आयोजन उसकी आवृत्ति हैं, इससे एक नई ऊर्जा का अपने भीतर संचार होता हैं। आगे बढ़ने में बहुत कुछ पीछे छूट जाता हैं। इसलिए ऐसे आयोजनों के माध्यम से उन क्षणों को थोड़ी देर ठहरकर महसूस कर लेना आगे बढ़ने में एक नव स्फुर्ति प्रदान करता हैं।



आयोजकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, उन्हें सतत् गतिशील बने रहने की शुभकामनाओं के साथ ...

गजानन तिवारी

7



श्रद्धा-सुमन





स्व.श्री के.पी.साव

स्व.श्री आर.एल.गौतमारे



स्व.श्री जे.के.राय



स्व.श्री डी.एस.राव



स्व.श्री अरूण गौतम

श्रद्धांजली - बिछड़े सहपाठियों को



स्व.श्री मोरध्वज साहू



स्व.श्री चंद्रिका वर्मा

स्व.श्री रविन्द्र पटनायक

स्व.श्री चितरंजन साहू

बेटियाँ



एलिस जेड. मैथ्यू
(नागपुर)

बोए जाते हैं, बेटे
आ जाती हैं, बेटियाँ
खाद पानी दिये जाते हैं, बेटों में
पर लह-लहाती हैं, बेटियाँ ।
एवरेस्ट पर ठेले जाते हैं, बेटे
पर चढ़ जाती हैं, बेटियाँ
रुलाते हैं, बेटे
और आँसू पोछती हैं, बेटियाँ।
कई तरह से गिराते हैं, बेटे
पर संभाल लेती हैं, बेटियाँ।
पढ़ाई करते हैं, बेटे
पर सफलता लाती हैं, बेटियाँ।
कुछ भी कहे, पर अच्छी हैं, बेटियाँ
अफसोस न करो, साथ देगी, बेटियाँ
वंश के नाम को रोशन करेगी, बेटियाँ
अहोभाग्य हो तुम्हारा जिन्हें हैं, बेटियाँ।



मेरी पहचान ...

बचपन से ही सांस्कृतिक गतिविधियों में रुचि होने की वजह से मेरा रुझान नृत्य और संगीत में अधिक रहा । स्कूल में ही कक्षा दूसरी में हमारे आदरणीय स्व.श्री हीरालाल गुरूजी ने बालक ध्रुव का नाटक हमसे करवाया । म्युनिस्पल स्कूल में पहले सुमान साव सर ने गायन में रिजेक्ट कर दिया । फिर एक नाटक ''उत्सर्ग'' स्व.श्री जे.के.राय सर के निर्देशन में किया । महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान दिग्विजय कॉलेज और लॉ कॉलेज के वार्षिकोत्सव में स्व.किशोर शर्मा के साथ कई नाटकों में डॉ.शरद गुप्ता जी के निर्देशन में रोल निभाया। संगीत में रुचि ने श्री नरेन्द्र चौहान (संगीतकार) से जोड़ दिया। नरेन्द्र भाई और आर्जे ने सबसे पहले वाइडनर स्कूल में पहला नृत्य निर्देशित करवाया । फिर 26 जनवरी में हर वर्ष अलग-अलग स्कूलों में प्यारे-प्यारे बच्चों को नृत्य निर्देशित किया । उसी विधा और उन बच्चों के प्यार ने आज मुझे यह कहने पर मजबूर किया कि सच्चे दोस्त बच्चे ही हो सकते हैं । क्योंकि उनके दिल और जुबान में एक ही बात होती है। पिछले 25 वर्षों में आज तक शहर का शायद ही कोई घर छूटा हो जहां मेरे डांस के स्टूडेन्ट न हो । हंसते रहना और हमेशा हर हाल में खुश रहना शायद इन्हीं बच्चों ने सिखा दिया। इसलिये हमेशा हंसता रहता हूं।





ललित ठक्कर

तैंतीस बरस यूँ बीत गये



यारों कहते है जिंदगी एक बार मिलती है, उसमे भी बचपन, जवानी और बुढ़ापा, हर किसी कि किस्मत में आये ये भी जरूरी नहीं है । इसलिए इस जिंदगी का जी भर कर मजा लेना चाहिए ।

दोस्तों हम सभी ने जिन्दगी में कुछ न कुछ बनने का सोचा होगा । अपनी –अपनी योग्यता के अनुसार कड़ी मेहनत और मुश्किलों का सामना करके आज हम इस मुकाम पर पहुँचे है । घर – परिवार, यार – दोस्त, धंधा – नौकरी और भी कई निजी जरूरतों एवं चाहतों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर हम सभी ने जिंदगी का भरपूर आनंद लिया है ।

आज के इस भागमभाग जिंदगी में, समय निकालना हर किसी के लिए बहुत मुश्किल काम है । आज जब मैं लिखने के लिए बैठा तो, 33 साल पहले के बचपन की यादें फिर ताजा हो गई । जिसे हम सभी ने बचपन में बिताये है । उन खुशियों का अंदाज स्कूल में शरारत के पल, कृष्ण जन्माष्टी में रात जगना ऐसी कई बातें है, जिनका कहीं से दूर – दूर तक कोई मुकाबला नहीं है । इन सभी बातों को याद करके हम सभी दोस्तों को याद करते है ।



दोस्तों जिन्दगी तो मेरे ख्याल से दोस्ती के बिना अधूरी है क्योंकि हम अपनी हर खुशी और हर गम उनके साथ बांटकर पूरी करते है । ये तो हमारी खुश किस्मती है, जो हमें अच्छे दोस्त मिले और सुख-दुख में उनका साथ मिला, और मैं चाहूंगा कि हम सभी दोस्तों का इसी तरह हमेशा साथ रहें।

हाँ दोस्तों जब से हम लोगों ने प्रोग्राम करने का सोचा है और उसके बाद 9 मई 2010 का दिन तय किया है। तब से मुझे इस दिन का इंतजार है कि हम सभी बचपन के दोस्त फिर से एक बार पुरानी यादों के साथ मिलें ।

तैंतीस साल की यह उमर, जानी अनजानी
बदलती हुई शक्लें जानी पहचानी
एक ही नाव के सवार थे हम सब
बिखर गये पथ, कौन गया कहाँ कब?
कोई मिलता है तो लगता है एकबारगी
मिली है कहीं से खोई जिंदगी
एक–एक क्षण मन के कोने में आबाद है ...
तुम्हें भी याद होगा ... मुझे भी याद है ...

सुझाव :– हाँ दोस्तो कहते है न कि इस भाग – दौड़ भरी जिंदगी को सुचारू रूप से चलाने के लिए पैसा बहुत जरूरी है । और शायद यही वजह है कि सभी लोग रात– दिन एक करके पैसा कमाने में लगे हुए है । किंतु पैसा कमाने के साथ – साथ हमें अपनी सेहत का भी ख्याल रखना बहुत जरूरी है, जिससे हम स्वस्थ्य रह सकें । कहते है न कि "जान है तो जहान है" । हमेशा स्वस्थ्य रहने के लिए रोज सुबह टहलना घुमना, योगा करना तथा अच्छा व कम भोजन करना हम सभी के लिए बहुत जरूरी हैं । बस इन्ही पंक्तियों के साथ पुरानी यादों को संजोये सभी सहपाठियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

विमल गुप्ता





इक रूका हुआ पल...



वह पल जिसका मुझे कई वर्षो से इंतजार था,मेरी सोच थी क्या यह वह पल कभी आयेगा जब हम स्कूल के सहपाठी एक साथ जमा होंगे,धरातल में यह बात असंभव लगती थी परन्तु मन के कोने में हमेशा आस थी कि यह पल अवश्य आयेगा जो हमारे स्कूली जीवन को जागृत कर जायेगा । पूरे 33 वर्ष ओझल होने के बाद वह क्षण आ रहा है, इस पल को गुलजार करने के लिये सभी मित्रों ने खुले दिल से योगदान दिया । स्कूली जीवन की धमा चौकड़ी, जिसके साये में 9-10- 11 वीं कब गुजर गया पता ही नहीं चला, छोड़ गया तो आस का वह पल की कभी न कभी मैं पुनः लौटकर आऊंगा । हमारे स्कूली जीवन की घटनाओं का कोई न कोई किस्सा हमेशा मेरी पत्नी और दोनों बच्चे बहुत ही दिलचस्पी से सुनते है और उन घटनाओं के बारे में ऐसा पूछते है कि मानों वह भी उन पलों में शामिल हो ।

मुझे तो लगता है कि स्कूली जीवन में रोज कोई न कोई घटना होती थी, वास्तव में हर दिन होली थी, रात दिवाली थी । मैं और योगेश जब कभी फुरसत के पलों में स्कूली समय को याद करते है तो स्कूली जीवन की नाना प्रकार की बातें हम दोनों को रोमांचित कर देती है । रोचक प्रसंग इतने है कि उनकी व्याख्या नामुमकिन है । स्कूल की फायर ब्रिगेड की रोमांचकारी घटना, जिसमें स्कूल लग जाने के भय से चलती फायर ब्रिगेड से 9-10 दोस्तों का कूद कर चोटिल होना वास्तव में अकल्पनीय था । स्कूली जीवन में मस्ती के वह दिन गांधी सभा गृह में कृष्णा जन्माष्टमी उत्सव मनाना तो श्री जगनाथ पहाड़ी का गांधी सभा गृह में दिल को छू लेने वाला प्रवचन, हम लोगों के प्रयास से 4-5 वर्षो से शाला के बंद स्नेह सम्मेलन को पुनः चालू करवाना इन बातों को लिखने पर जगह कम पड़ जायेगी पर सारी यादें खत्म नहीं होगी ।

हमारे सभी शिक्षकों का कोई स्टाईल था... श्री के.पी.राव का रुतबा तो, श्री एम.एन.लाल का मुर्गा का डायलाग तो, श्री डी.आर.यादव, श्री जी.एस.श्रीवास्तव, श्री एन.के.श्रीवास्तव के पढ़ाने की दक्षता वहीं स्व.श्री भीतमांगे, श्री गजानंद तिवारी , श्री एम.एल. हरिहारनों व स्व.श्री जे. के.राय के पढ़ाने का निराला दोस्ताना अंदाज आज भी लगता है मानों अभी अभी की बात है और हफ्ते में एक दिन शुक्रवार को लगने वाला बापू (श्री यादव) सर का अंतिम पिरियड तो सभी को याद होगा, उस पिरियड का सन्नाटा और सन्नाटा को तोड़ती सर की कड़कड़ाती आवाज में सर का छात्राओं को पोट्टी कहकर बुलाना मिश्रित युगल आश्चर्य था ।

1977 में 11 वीं के बाद पल दर पल 33 वर्ष ओझल हो गये, हम सभी इधर उधर बिखर गये मैं तो थोड़ा अपने को इस मामले में खुश किस्मत मानता हूं कि बहुत से मित्रों की मुलाकात किसी न किसी कारण से होती रही है, इन्हीं गुजरते पलों के बीच यह समाचार सुनना कि मित्र रविन्द्र पटनायक नहीं रहे मन को दुख हुआ लगा कि इतनी जल्दी... खैर यह लेख लिखते लिखते आगे बढ़ा, तो याद आया दो वर्ष पूर्व योगेश बागड़ी की दुकान में एलिस से 30-31 वर्ष बाद मुलाकात होने का, वह क्षण बहुत ही रोमांचकारी रहा, हम तीनों स्कूली जीवन की बात करते रहे और डेढ़-दो घंटा कब बीत गया पता ही नहीं चला फिर आया वह रोमांचकारी 2010 मार्च का रविवार जब 24 दोस्तों का होटल लाबरस में इकट्ठा होना और 9 मई के दिन इस कार्यक्रम के लिये फाईनल होगा । वाकई बहुत ही मजेदार दृश्य था, सभी बहुत खुश थे, एकाएक एक दूसरे से मिल रहे थे, कोई किसी की आवाज से पहचान रहा था तो कोई किसी को उसके व्यवहार से समझने की कोशिश कर रहा था, परन्तु एक चीज सबमें थी जोश, अपनों से मिलने का जोश। अंत में इस रोमांचकारी पलों को जेहन में समेटे हुये इस आस के साथ लिखना बंद कर रहा हूं, कि हर देश की सरहद होती है, पर दोस्ती के लिये कोई हद नहीं होती, एक दोस्त आपके सामने खुली किताब होता है, वह वो भी सुन लेता है जो आप नहीं कहते पर कहना चाहते है, इन्हीं विश्वास भरे पलों के साथ कि हम फिर मिलेंगे ...



अजय पांडे

फलाई ओवर की चपेट में आकर मलबे के ढेर में परिवर्तित हो चुके लेबोरटरी कक्ष और गांधी सभा गृह । मेरे मन उदासी के बीच पुरानी यादों में कुछ खुशनुमा पल,



"स्मृतियों के झरोखों से"

यादों में घूमने लगती है, शाला की दोपहर
शरारत और मस्तीभरा, वो प्यारा मंजर,
बाहर लगने वाला वो, बच्चों का मेला,
गुड़ पपड़ी और देवजी भाई का चाट का ठेला,
फूटे–चने, बेर, जाम, गंगा इमली के ढेर,
खट्टी इमली, खट्टा कैथा और चाशनी बेर,
छीन झपट कर यारों से, उनकी चीजें खाना,
कक्षा से गोल मार कर, वो पिक्चर जाना,
स्याही छींटना, चाक फेंकना, आम थी शरारत,
राकेट, हवाई जहाज फेंकना, रोजकी थी आदत,
सहपाठियों को समझाते थे, खतरनाक बिजली
डेस्क में केंवाच डालकर, देते थे खुजली,
उनकी शिकायतों से सबको, लगता भी था डर,
कहीं सांट न दे हमको, के.पी.साव सर,
मुर्दार सिंग, मुर्दै कहते थे, सबको लाल सर,
छात्रों के सर पर टक–टक, बजाते थे डस्टर,
जी.एन.तिवारी सर का वो, हंसते–हंसाते पढ़ाना,
पहले बनावटी नाराजगी, फिर ठहाके लगाना,
पिकनिक और गेदरिंग की खूब, होती थी मस्ती,
कभी होती थी दिलेरी, कभी मौका–परस्ती,
उन मस्त लम्हों को हम, कभी न भूल पाएंगे,
मौका मिला तो दौड़कर हम, फिर बस्ता उठाएंगे,
बीबी बच्चों का भी साथ में, एडमिशन कराएंगे,
प्रभु हमें फिर बालक बनादे, हम शाला जाएंगे ...

दोस्तो,

साथ गुजारे उन अविस्मरणीय पलों को कागजों में पूरी तरह उतार पाना बहुत कठिन है, लेकिन उन्हें याद करने और बांटते रहने का अवसर हम खोजते रहेंगे और ऐसी उम्मीद है, हम अब मिलते रहेंगे ...



मनोज गुप्ता



क्या भूलूं क्या याद करूं ...



कोई कहे ऐसी है जिन्दगी
कोई कहे वैसी है जिन्दगी
मैं तो बस इतना जानूं यही मानूं
थोड़ी तेरे जैसी है जिन्दगी
थोड़ी मेरे जैसी है जिन्दगी....

जिंदगी के फलसफे सुलझाते – सवारते कब जिंदगी का पचासवाँ बसंत दस्तक दे गया, पता ही नही चला । सपनों को सार्थक न कर पाने की कसक दिल के कोने में भले ही टीस देती रहे, लेकिन जिन्दगी के अनुभवों का खजाना हम सब के पास समान रूप से है और यही उपलब्धियाँ आगे का जीवन सुगम, सहज और सरल बनाएंगी ।


अतीत की स्मृतियाँ आज भी अवचेतन मन में जीवंत है । प्रायमरी की सहपाठी अरूणिमा ग्यारहवीं में साथ रही और ग्यारहवीं में मित्र था पीटर पाल । मनोज तथा विमल गुप्ता आज भी सुख दुख के मेरे संगी – साथी हैं । इसे सुखद आश्चर्य ही कहूंगा कि एक ही शहर में रहते हुए कई सहपाठियों से 33 वर्ष बाद मिला जिनमें वंदिता और अजय भी शामिल हैं। ललित, योगेश, अनिल, राजेन्द्र, अशोक, रविशंकर, रेखा, परमचंद, दर्शन सिंह आदि से यदाकदा मुलाकात होती रही, लेकिन इतने वर्षों बाद सत्यरंजन से गले मिलना सुखद अनुभूति है । दीपक दा एवं अन्य सहपाठियों से मिलने आतुर हूँ ।

मेरी तरह आप भी सहमत होंगे कि उन तमाम यादों को लिपिबद्ध करने में यह पन्ना छोटा पड़ता है और शायद यह स्मारिका भी, आज मुझे वे गुरूजन याद आ रहे है जिनके आशीर्वाद से हम अपना भविष्य गढ़ सके । वे गुरूजन और सहपाठी भी जो समय के कालचक्र में विलीन हो गए । पुराने सहपाठियों से मिलने की कल्पना मात्र से मन आनंदित और रोमांचित हो उठता है और यही हमारे इस आयोजन की ताकत भी है और अंत में एक कवि की पंक्तियाँ याद आ रही है ।

आदमी
मरने के बाद कुछ नहीं बोलता,
आदमी
मरने के बाद कुछ नही सोचता,
कुछ नही बोलने और कुछ न सोचने पर
आदमी
मर जाता है...



बैच 77 का यह आयोजन आदमियत को जिंदा रखने का एक छोटा सा प्रयास है और कुछ नहीं। 09 मई 2010 का दिन हमारे जीवन की धरोहर बने इन्हीं सद्कामनाओं के साथ प्रतिक्षारत



राजेन्द्र वर्मा

यादें ....



जब मुझे पता चला कि स्कूल के पुराने सहपाठियों से मिलने की योजना बन रही है तो मैं अनायास ही पुरानी यादों में (जो कि शायद जिंदगी की बेशकिमती धरोहर हैं) चला गया और पुरानी हिन्दी फिल्मों की भांति मेरे जेहन में भी फ्लैश बैक चलने लगा ....

सन् 1974 में मैं भोपाल से राजनांदगांव आया था, चूंकि मेरे चाचा भी इसी स्कूल में पढ़े थे, इसलिये मेरा एडमिशन भी यहीं करा दिया गया । भोपाल में मैं सेंट फ्रांसिस स्कूल में पढ़ता था, जिसमें पढ़ाई का माध्यम पूर्णतः English में हुआ करता था स्वभाविक रूप मेरी भी अंग्रेजी अपनी क्लास के अन्य सहपाठियों से अच्छी थी, उन दिनों में English में बात करना बहुत बड़ी बात हुआ करती थी, इस English के चक्कर में मेरा जलवा था। मेरे इस जलवे में चार चांद एक किस्से ने और लगा दिया ये किस्सा भी आपको बताता हूं, – हुआ कुछ ऐसा की एक दिन श्री गजानंद तिवारी जो कि हिन्दी के टीचर थे ने मुझसे पूछा कि क्यों तुम किशोरी लाल के भतीजे हो तो मैंने कहा हां, इस घटना के बाद मैंने देखा कि मेरी क्लास में पूछ परख कुछ ज्यादा ही हो गई है और मुझे सबसे सामने वाली बेंच में बैठने की जगह मिल गई । मुझे कुछ अटपटा सा भी लगा, लेकिन मैंने सोचा होगा कुछ चलो छोड़ो हमको क्या करना है । लेकिन दोस्तों मेरा ये जलवा ज्यादा दिन नहीं चला, अजय पांडे (जो कि मेरा आज भी दोस्त है और उनका परिवार शुरू से राजनीति से जुड़ा रहा है) ने मुझसे पूछ ही लिया कि मैं क्या किशोरी लाल शुक्ला का भतीजा हूं जो कि उस समय मिनिस्टर हुआ करते थे, मैंने बोला नहीं यार मेरे चाचा का नाम भी किशोरी लाल शाह है । बस क्या था पहली बैंच से वापस मुझे सबसे लास्ट बैंच में बैठा दिया गया । ऐसे ही बहुत से किस्से एक के बाद एक किसी चलचित्र के रूप में मेरे आँखो के सामने चलते रहे । सभी की चर्चा करूंगा तो यह लेख बहुत ही लम्बा हो जायेगा और के.के.बागड़ी इसको मैगजीन में छपने ही नहीं भेजेगा । अपनी कलम को यहीं विराम देते हुये अपनी भावनाओं को कुछ ऐसे व्यक्त करना चाहता हूं:-

एक दिन जिंदगी ऐसे मुकाम पर पहुंच जायेगी, दोस्तों
वो दोस्ती तो सिर्फ यादों में रह जायेगी।
हर कप कॉफी याद दोस्तों की दिलायेगी,
और हंसते – हंसते आंखे नम हो जायेंगी।
आफिस के चेम्बर में क्लास रूम नजर आयेगा,
चाहने पर भी Proxy नहीं लग पायेगी ।
पैसा तो बहुत होगा पर उसे लूटाने की वजह ही खो जायेगी।
जी ले इस पल को मेरे दोस्त,
क्योंकि जिंदगी इस पल को फिर से नहीं दोहरायेगी,
और ऐसे ही एक दिन जिंदगी की शाम हो जायेगा ।

विजय शाह
(रायपुर)



यादें... जीवन में कई वर्षों के बाद, मेल एवं एस.एम.एस के युग में कुछ लिखना है।

कठीन सा लगने वाला यह कार्य काफी आसान होगा ऐसा प्रतीत हो रहा है। कागज पर पेन ऐसे चल रही है, जैसे कोई अदृष्य शक्ति मेरे हाथों को संचालीत कर रही है। कौन है ये शक्ति, क्या है 11 वीं का वो वर्ष सोंचे तो जवाब एक ही है, हमारे जीवन का वो महत्वपूर्ण एवं अमूल्य समय जिसे कोई चुरा नहीं सकता अथवा मिटा नहीं सकता। जिंदगी में शिक्षा के 18 वर्षों में केवल 11वीं का ही विशेष महत्व क्यों है ? यह एक ऐसा प्रश्न है, जिसका जवाब अनेकोएक है शायद, हमारी जिंदगी में इसका जवाब शब्दों में नहीं दिया जा सकता । जन्म के साथ ही भगवान अनेकों रिश्ते तय कर देता है। उसकी संरचना लाजवाब है, उसके बनायें रिश्ते पवित्र एवं जीवनदायी होते हैं पर शायद इंसान द्वारा अपने लिये तय किये गये रिश्ते भी अत्यंत ही महत्वपूर्ण होते हैं । रिश्तेदार हम नहीं चुनते, पर दोस्त हम चुन सकते हैं संस्कार एवं मां–पिता जी द्वारा ही दी गयी शिक्षा से महत्वपूर्ण इंसान को कुछ बनाने में दोस्त की विशेष भूमिका होती है।

कई वर्षों से बहुप्रतिक्षित सपना हकीकत में बदलने जा रहा है, अजय, ललित, सत्यरंजन, विमल, राजेन्द्र वर्मा और राजेन्द्र बहादुर के साथ शुरू किये जाने वाला यह प्रोजेक्ट अब पुरा होने जा रहा है। सभी सहपाठियों का सहयोग एवं अपार उत्साह देखते ही बनता हैं। 33 वर्षों पश्चात् भी इतनी आग हमारे दिलों में है जिसकी ताप हमें ठंडकता का अहसास दिला रही है। भागदौड़ में जिंदगी का अधिकतर हिस्सा हमने कब जी लिया पता ही नहीं चला । मुट्ठी में रेत के फिसलने जैसी हमारी जिंदगी चल रही है। 9 मई के पश्चात् इनकी यादें एवं संस्मरण हमारी जिंदगी को उर्जा देती रहेंगी। 9 मई को यादगार बनाने का प्रयास यथासंभव जितना हो सका सबने मिलकर किया पर यह तो शायद शुरूयात है, आगे चलकर भी .... फिर मिलेंगे।

कृष्ण कुमार बानडी



सभी सहपाठी दोस्तों को सलाम करता हूं,
आज का दिन आप सभी के नाम करता हूं।
किसी का बिजनेस होगा, तो कोई टीचर होगा,
कोई होगा बी.एस.पी. कर्मचारी तो कोई फोटोग्राफर भी होगा।
मैं विधुत मण्डल कार्यालय में काम करता हूं।
कभी स्कूल, कभी कॉलेज, कभी शादी, कभी बच्चे,
बहुत दौड़ा मैं जीवन भर, अब आराम करता हूं।
सभी सहपाठी दोस्तों मैं सलाम करता हूं।

अशोक कुमार सोनी

अकड़



रात कुछ देर तक जागे थे हम, सो खिड़की से निगोड़ी सूरज की धूप, ठीक चेहरे पर पड़ने लगी थी। तभी बेगम ने आकर जगाया ''लो जी, अब उठो भी, चाय की प्याली लिये कब से खड़ी हूँ।'' हम रात की खुमारी को भगाते ताक रहे करवट बदले बेगम की ओर मुखातिब होने पर मुँह से हाय निकल कर रह गया। कुछ देर यूँ ही एक टक देखते रहे उन्हें। बेगम ने कहा वाली हाय अल्लाह क्या बड़े हो गये, इसी पर बर्फ की चादर चढ़ने लगी सिर पर चाँद निकल आया, मुई जवानी है आवाजें कि ताड़ पहचान बोलती है। हाय अल्लाह और कब तक यूँ ही देखते रहोगे – चाय ठंडी होने लग पड़ी है, अब के नहीं तो दूसरी ले आना और देखते रहना रात दिन। शरारत तो कोई तुमसे सीखे, आँखें मटकाते हुए बेगम ने पूछा तब क्या मैं तुम्हें इतना भाती हूँ।

अरे करम जली माटी मिले तेरे हुस्न को। अकड़ी हुई गर्दन को थोड़ा और झटका लगा। हाल है कि गर्दन के दर्द से परेशान थे और बेगम पर हुस्न का तिलिस्म छा रहा था। किसी तरह हम उठ कर बैठ तो गये पर अब भी गर्दन थी की एक ओर अकड़ कर खड़ी थी। जिसे हम कल रात हुस्न की मलिका कह रहे थे, आज सुबह उसी से मुँह मोड़े बैठे थे। हाथ ले चाय की प्याली ले, हम सुड़कने लगे। बेगम का पारा काफूर हो गया। क्या इतनी जल्दी कोई किसी से मुँह मोड़ लेता है ? बेगम कहीं उठ गयी है, तभी चाय को किसी तरह गुटक हमने तिरछे गर्दन से प्याली बेगम के हाथ में थमानी चाही, हमने सोचा प्याली पकड़ ली गई होगी, पर शीशे के बिखरने की आवाज से पता चला निशाना गलत था। हम क्या करते गर्दन जो अकड़ गई था। बेगम को हमारी तकलीफ का अहसास होने लगा था। झट बोली गरम तवे की सिकाई किये देती हूँ, आराम मिलेगा। सुना है करीम मियाँ के टोटके में गजब की तासीर है, मिनटों में दर्द से निजात दिला देगी और अकड़ भी जाती रहेगा।

हम उनकी बातों को अनसुना कर गुसलखाने की ओर बढ़ लिये। किसी तरह दैनिक कार्य से निवृत्त होकर बाहर आ गये। दफ्तर पहुँचते ही लोग कनखियों से देखते और जैसे ही हम आगे बढ़ जाते कानाफूसी करते। दुआ–सलाम का जवाब तिरछी निगाहों से देते हुए हम अपने मेज की ओर बढ़ने लगे, किसी ने पूछ ही ली लगता है गर्दन में कुछ तकलीफ है, हमने कहा हाँ भैये, गर्दन अकड़ गई है। मियाँ ऐसे ही कुछ कम अकड़ते थे, जो गर्दन भी अकड़ ली। जी में आया सामने की जुबान खींच लूँ, पर दर्द की टीस ने ऐसा करने से रोक दिया। आफिस की जनानियों को आज का मसखरा मिल गया। फिर क्या था चटखारें ले – ले कर बातें बनाने लगी – हाय मुआ, बुढ़ापे में देवानन्द की चाल हम क्या करते पूरे धड़ को मोड़ कर देखते। वो चुप हो जाती हम खिसियानी हँसी हँस कर टाल जाते। परेशाँ हम इस बात की जुगत लगाने लगे कि आखिर कैसे इस गर्दन की बला से निजात मिले। किसी ने कहा नाई से गर्दन मुड़वा लो, तो किसी ने कहा उल्टा पैदाइशी की पुल्टी खा लो या मियाँ नस चटकवा लो और न जाने क्या–क्या। हमने सोचा, हम क्या, थोड़ा अकड़े, लोग परेशान हो गये। लाखों का माल डकार, घोटाले तथा भ्रष्टाचार में डूबे नेता बेशर्मी से अकड़े बैठे हैं, आई.जी. साहब चैम्बर पर खुलाम–खुल्ला रंगरेलियाँ मनाते पकड़े गये, तब भी टेलीविजन पर अकड़े बैठे हैं। कानून और समाज व्यवस्था के जिम्मेदार, थाने में ब्याहता की इज्जत लूट कर थानेदार साहब अकड़ दिखा रहे हैं, उन्हें कोई कुछ नहीं कहता। और अकड़ तो बुश भी रहे थे, पर लादेन ने हवाई जहाज क्या दे मारी, सारी अकड़ भूल गई। ऐसा मियाँ सद्दाम की अकड़ भी कम नहीं थी, कई साल तक अकड़ते रहे, पर अंत में खंदक में चूहे से दुबके दाढ़ी नोचते मिले, तो सारी अकड़ रह गई न मैया। बड़े भाई की राह पर कोनर भी अकड़ रहे थे, उनकी भी लुटिया चला दी। अकड़ते तो मुर्दे हैं, जिन्दों में अकड़न नहीं होती और यही जिन्दादिली की निशानी भी है। अब जुम्मन मियाँ को ही लें, शादी के पहले खूब अकड़ते थे, पर दो साल बाद अकड़ गई और बच्चों को कांधे पर टाँगे बेगम के पीछे–पीछे चलते हैं।

नैतिकता तो यही कहती है अकड़ो खूब, अकड़ो पर सामने वाले को आँक कर, वरना, अकड़ना भारी पड़ सकता है। हमें यह बात जचने की लगी। जब बड़े–बड़ों की अकड़ बरकरार नहीं रही तो हम किस खेत की मूली। सो हमने भी तय कर लिया चाहे कितनी भी तकलीफ हो और जो भी मशक्कत करनी पड़े हम नहीं अकड़ेंगे। और इस तरह दर्द सहकर भी हम अपनी अकड़ी गर्दन को सीधा रखने का प्रयास करने लगे। पड़ोस के डाक्टर साहब को हमारी अकड़न पर तरस आ गया। झट चार गोलियाँ दे दी। बोले भैया अकड़न और दर्द दोनों चला जायेगा। सज्जन थे बेचारे। छोटे थे पर जीवन की सच्चाई का खूब इल्म था। हमने सलाह मानते हुये दवाई खा ली। दर्द से निजात तो मिल गई पर अकड़ अब भी कुछ बची है, जो जाते – जाते ही जायेगी।

सत्यरंजन बसु

"11 क्लास 1977 की कुछ घटनाएं कुछ यादें"




नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगांव के वर्ष 1977 में पढ़ाए समस्त गुरुजनों को मेरा सादर प्रणाम। जिनके आशीर्वाद से आज हमारा भविष्य सुखमय एवं उज्जवल है। 1977 में मेरा शारीरिक स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण अच्छे श्रेणी में पास नहीं हो पाया। फिर भी अ. चयन कार्य कार्यरत रहा, आई.टी.आई., ड्राफ्ट मैन सिविल दो वर्षीय कोर्स भिलाई से पास होने के पश्चात 1983 में Assistent Drafts Man के पद पर मुझे जल संसाधन विभाग में नौकरी प्राप्त हुई। 1991 में Assistent Drafts Man से Drafts Man के पद पर पदोन्नति हुई। कक्षा ग्यारहवीं में जो भी सहपाठी भाई साथ में पढ़े सभी अच्छे थे। दोस्तों का एक अपना अपना समूह होता है मेरे साथ यादवराम कश्यप, बसंत साहू अभी तक स्मरणीय मित्र रहे। मेरे पिता हाई स्कूल जालबांधा से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जिनकी मेरे प्रति विशेष कृपा रही आज भी पूजनीय है, मेरा विशेष रुची आध्यात्म की ओर रहती है। मेरी कोशिश यही रहती है कि अच्छे-अच्छे महापुरुषों, साधु-संतों का ज्ञान लाभ प्राप्त हो। राजनांदगांव संस्कारधानी शहर है शहर जनता के सहयोग से अच्छे-अच्छे महापुरुषों, साधु-संतो का आगमन होता है, जिससे सभी लोग लाभान्वित होते हैं। मैं भी सभी साधु-संतो के ज्ञान क लाभ लेता हूं। हमारा खानदान कबीर पंथ का अनुयायी है, जिसका प्रभाव हमारे परिवार में अभी भी है। 1977 के समस्त विद्यार्थी भाईयों को एक साथ मिलने का आयोजन किया है, यह बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम होने से अपनापन एवं नजदीक होने का गर्व महसूस होता है। जिससे एक प्रेरणा मिलती है।

मेरी शुभकामनाएँ...

गोविन्द लाल साहू

नई दिशा



मनुष्य एक जिज्ञासु प्राणी होता है, उसे कुछ न कुछ खोज करने की प्रवृत्ति उसके जेहन में रहती है, वह खोज या जिज्ञासापन हम बैच 77 का है। आज परिवार, समाज में बिखरावपन सा दिखाई दे रहा है। लोगों के पास समय का अभाव तथा बदलती परिस्थितियां इस बिखराव का कारण बन गयी है।

लेकिन सब के बावजूद हमारी बैच 1977 द्वारा किया यह प्रयास हम सभी को नजदीक लाने में सहयोग प्रदान कर उसी 16-17 वर्ष की उम्र को एक धागे में पिरोने का कार्य कर रही 33 वर्षों बाद फिर मिला रहा है।

9 मई का यह दिन हम सभी पुरानी यादों तथा आज की परिस्थितियों के साथ सपरिवार के साथ नये समाज का निर्माण कर एक अनूठा अध्याय जोड़ रहा है। यह प्रयास एक अनूठा अद्भुत प्रयास कहा जाना चाहिये क्योंकि आज जब हम 50 बसंत पार कर चुके है। हम ही नहीं हमारा परिवार इस समाज में जुड़ रहा है। जो एक अनूठा संबंध बनाता नजर आ रहा है।

हम बैच 1977 को आगे बढ़ाने का प्रयास करते रहेंगे। "जब सब मिले तो सोच नई होगी, जब सोच नई होगी तो दिशा नई होगी। जब दिशा सही होगी तो हम, समाज, देश आगे बढ़ेगा।

इसी सोच के साथ सभी को शुभकामनाओं के साथ

राजेन्द्र बहादुर सिंह

यादों के साये में



धुंधली होती वह, किशोर वय का जीवन,
बीत चुका था, भीगा–भीगा बत्तीसवां सावन।
अचानक किसी ने छेड़ दिया, यादों के तार,
मिलता था जो पाठशाला में बार–बार।
जब सुना दूरभाष पर, उसकी आवाज,
हर्षित हो गया मन, देख यह प्यार भा अंदाज।
उन्नीस सौ सत्तत्तर के, वे बिछुड़े साथी संगी,
आज फिर से मिल जुलकर बातें करेंगे जंगी।
हम सब मिलकर, पुनः कर सकेंगे 'गुरु दर्शन'
मन व्यथित है उनके प्रति, जिनका हुआ सूक्ष्म रूपांतरण।
है शत्‌शत नमन 'संस्कारधानी' के उस विद्यालय को,
जहां से हमने सीखा है, सफल–जीवन–निर्माण गुर को ।
मन प्रसन्न हो गया देखकर, यह अद्‌भुत मिलन,
बीत चुका था भीगा–भीगा बत्तीसवां सावन।


पृथ्वी पाल साहू
भिलाई

कर्मों का फल



शिव मंदीर में नित्य एक पंडीत और चोर आते थे। पंडित अत्यंत भक्तिभाव से शिवलिंग पर फल–फूल और दूध चढ़ाकर पूजा करता था। वहीं बैठकर शिवस्त्रोत का पाठ करता और घंटो श्रद्धा से शिव ध्यान करता। दूसरी ओर उसी शिव मंदिर में एक चोर भी प्रतिदिन आता था। वह आते ही शिवलिंग पर डंडे मारना शुरू कर देता और अपने भाग्य को कोसता हुआ भगवान को अपशब्द कहता। अपनी विपन्नता का सारा दोष वह भगवान शिव पर मढ़ता और उन्हें अन्यायी व पक्षपाती ठहराता । एक दिन पंडित और चोर साथ–साथ ही मंदिर में आए और अपनी प्रतिदिन की प्रक्रिया दोहराई । काम भी दोनों का साथ ही खत्म हुआ और दोनों का साथ ही बाहर आना हुआ, तभी चोर को द्वार के बाहर सोने की मोहर से भरी थैली मिली और पंडित के पैर में लोहे की कील से गहरा घाव हो गया । मोहर मिलने से चोर को अत्यंत प्रसन्नता हुई लेकिन पैर में गहरा घाव होने के कारण पंडित बड़ा दुखी हुआ और रोने लगा। तभी भगवान शिव वहां प्रकट हुए और पंडित से बोले पंडित जी आज के दिन आपके भाग्य में फांसी लगनी लिखी थी किन्तु मेरी पूजा करके अपने सत्कर्म से फांसी को आपने एक गहरे घाव में बदल दिया । इस चोर को आज के दिन राजा बनकर राज सिंहासन पर बैठना था, किन्तु इसके कर्मों ने इसे केवल स्वर्ण मुद्रा का ही अधिकारी बनाया । जाओ अपना कर्म करो।

वस्तुतः अपना भाग्य निर्माता मनुष्य स्वयं ही होता है। यदि वह अच्छे कर्म करेगा तो सुपरिणाम के रूप में बेहतर भाग्य पाएगा और दुष्कर्मों का फल दुर्भाग्य का पात्र बनाता है।



धरमचंद बोहरा

माँ

नाते रिश्ते तप्त दुपहरी
तप्त हवा आतिश अंगारे
नदिया झरने झील समंदर
महकी सी पुरवाई माँ ।
रिश्तों की झीनी चादरें मैंने
हजारों बार उधड़े देखी
चुपके से, हौले से कर देती
जाने - अनजाने तुरपाई माँ ।
बनकर बीवी, बेटी, बहन, पड़ोसन
रिश्तों में उलझती सुलझाती
समझी, मधुर मधुरता लाती
महकी सी पुरवाई माँ ।
बनकर सखी-सहेली, मार्ग-दर्शक
उलझनों को समेटी, सुलझाती
दुखः, पीड़ाओं, तकलीफों को
दूर कराती ममतामयी माँ ।।



श्रीमती अरुणिमा (पचौरी) पटनायक



आज तक... संगठन,सामूहिकता,एकता,कौटुम्बिकता और मिल- जुलकर रहने की अभिरुचि, जितनी अधिक विकसित होगी,समाज की समर्थता, सभ्यता उसी कम में बढ़ती जायेगी ।



आज की इन स्वस्थ परम्पराओं का भारी अभाव है । हमें समाज का नया निर्माण करने के लिये प्रचालित अवांछनीय प्रथाओं के विरुद्ध विरोध, करना और स्वस्थ परम्पराओं को स्थापित करना होगा । तभी हम अपने समाज को स्वस्थ एवं सुख - शांति का केन्द्र बिन्दु बना सकने में समर्थ होंगे ।



अनिल मिश्र (राही)

Batch 77 (Maths Group)



नाम	: **पुरूषोत्तम वैंकेटश्वर चौधरी**
व्यवसाय	: **भू-अभिलेख शाखा दुर्ग में कार्यरत**
जन्मतिथि	: 18 नवम्बर 1958
विवाह की तिथि	: 04 दिसम्बर 1992
जीवन साथी का नाम	: श्रीमती हेमलता चौधरी
जन्मतिथि	: 04 अक्टूबर 1969
जीवन साथी का व्यवसाय	: गृहणी
बच्चों का नाम एवं जन्मतिथि	: कु.पी.शिल्पा 20 सितम्बर 94 , अनुपा 20 दिसम्बर 95
शिक्षा	: I.T.I.
स्कूल का यादगार क्षण	: अशरद अली द्वारा गए गाये स्व. मुकेश के गाने
स्कूल का यादगार मित्र	: मनोज गुप्ता
मेरी ना पसंदगी	: झूठ ना बोलना
मेरा पसंदीदा कलर	: गुलाबी
मेरा प्रिय शिक्षक	: स्व.श्री के.पी.राव
मेरे जीवन के प्रशंसनीय व्यक्ति	: मेरी माँ
लेकिन करना चाहता हूं	
इस आयोजन पर मेरी सलाह	: यह प्रयास बहुत अच्छा है, स्कूल जीवन की यादें ताजा करेगी ।

Batch 77 (Maths Group)

हमारे वे साथी जिनका विवरण नहीं मिल पाया

1. ***एम. देवेन्द्र कुमार***
2. ***राजेश्वर सिंह बघेल***
3. ***सुक्खाराम गोंड़***
4. ***सुमन बेलशन***
5. ***शरद कुमार***
6. ***धर्मपाल भौतमांगे***
7. ***सुदेश कुमार यादव***
8. ***विजय कुमार साहू***

''अगर इतनी प्यारी सोच हमारी और तुम्हारी ना होती,
तो दोबारा मुलाकता आपकी और हमारी ना होती ।
तड़पते रहते सच्चे दोस्तों के लिये अगर उस समय,
दोस्ती तुमसे हमारी ना होती ।।

हमारा परिवार ...



अनिल कुमार चौबे



एलिस जेड. मैथ्यू



अनिल सिंह



अजय पांडे



अवधेश श्रीवास्तव



अनिल कुमार मिश्रा



अरुणिमा पटनायक

हमारा परिवार ...



धरमचंद जैन



दीपक डे



कन्हैया ओसवाल



अशोक कुमार सोनी



दर्शन सिंह जरगर



पीटर पॉल



नरोत्तम सिंह पवार

हमारा परिवार ...


राजेन्द्र वर्मा


राजेन्द्र बहादुर सिंह


राजेन्द्र सोनी


पृथ्वी पाल साहू


राजेन्द्र श्रीवास्तव


सतीश कुमार मौर्य

हमारा परिवार ...



रविशंकर श्रीवास्तव



बसंत कुमार साहू



उमेश कुमार श्रीवास्तव



कृष्ण कुमार बागड़ी (योगेश)



ललित ठक्कर



यादव राम कश्यप



रोहित कुमार पंचाल

हमारा परिवार ...



विजय लाल जैन



विजय शाह



विमल कुमार गुप्ता



मनोज गुप्ता (अग्रहरि)



हीरा लाल देवांगन



टीकम राम साहू

हमारा परिवार ...



सत्यरंजन भट्टाचार्य



विजयलक्ष्मी असदानी



भूषण लाल साहू



पुरुषोत्तम वेंकटेश्वर चौधरी



गोविन्द लाल साहू



डॉ. दीप्ति शर्मा



के.के. श्रीवास्तव

भूली बिसरी यादें.....














तब और अब

Batch 77 (Maths Group)



नाम : **एलिस जेड. मैथ्यू**
व्यवसाय : **सहायक शिक्षिका**
जन्मतिथि : 24 दिसम्बर 1960
विवाह की तिथि : **23 मई 1988**
जीवन साथी का नाम : डॉ. अनिल जेड. मैथ्यू
जन्मतिथि : 2 नवम्बर
जीवन साथी का व्यवसाय : एसोसियेट प्रोफेसर
बच्चों का नाम एवं जन्मतिथि : टी.जेड मैथ्यू (आशीष) 22 नवम्बर

ईमेल : anilmathew54@gmail.com
शिक्षा : बी.एस.सी.,एम.ए., बी.एड.
स्कूल का यादगार मित्र : अरुणिमा, वन्दिता, रेखा
मेरी नापसंदगी : अन्याय
मेरी रूचि (हॉबी) : कुकिंग (पाककला)
मेरा पसंदीदा कलर : बॉटल ग्रीन, पिंक
मेरा प्रिय शिक्षक : श्री डी.आर.यादव, श्री एम.एन.लाल, स्व.श्री के.पी.साव
मेरे जीवन का उद्देश्य : प्रभु को प्यार करना और उनके बताए मार्ग पर चलना
मेरे जीवन के प्रशंसनीय व्यक्ति : प्रभु यीशु मसीह
इस आयोजन पर मेरी सलाह : अच्छी परिकल्पना और सोच है, मिलते रहना चाहिये

Batch 77 (Maths Group)



नाम : **अजय पांडे**
व्यवसाय : **संचालक, पांडे ब्रदर्स/पांडे बुक डिपो**
जन्मतिथि : 28 अक्टूबर 1960
विवाह की तिथि : 23 मई 1987
जीवन साथी का नाम : श्रीमती सरला पांडे
जन्मतिथि : 13 सितम्बर 1968
जीवन साथी का व्यवसाय : ग्रहणी
बच्चों का नाम एवं जन्मतिथि : कु. मानसी 13/4/91, कु.यशिका 24/9/97

ईमेल : ajay.pandeyaha@yahoo.com
शिक्षा : एम.एस.सी.(Maths) एम.ए.(Pol.), एल.एल.बी.
स्कूल का यादगार क्षण : स्कूल में प्रथम बार प्राचार्य श्री के.पी.साव एवं पी.टी.आई. श्री अरुण गौतम सर के साथ शाला के मंच से स्कूल की Prayer कराना।
स्कूल का यादगार मित्र : योगेश ब्रम्हदी, अनिल चौबे, राजेन्द्र ठाकुर, विनय गुप्ता,ललित ठाकुर,राजेन्द्र शर्मा
जीवन का यादगार क्षण : अचानक मां की तबीयत खराब होना
मेरे जीवन की संवेदनशील घटना : माता–पिता का निधन
मेरी नापसंदगी : दूसरे को दुख पहुंचाने वाली निंदा
मेरी रूचि (हॉबी) : क्रिकेट
मेरा पसंदीदा कलर : क्रीम
मेरा प्रिय शिक्षक : स्व.श्री के.पी.साव, स्व.श्री राम लाल चौतमारे
मेरे जीवन का उद्देश्य : हमारे परिवार की उन्नति तथा हमारे से संबंधित सभी लोगों की उन्नति
मेरे जीवन के प्रशंसनीय व्यक्ति : "माँ"
जीवन में ऐसा कार्य जो मैं नहीं कर सका लेकिन करना चाहता हूं : अच्छी Service करना चाहता था, किन्तु बिजनेस मैन बन गया
इस आयोजन पर मेरी सलाह : यह कार्यक्रम मन को छू लें और इसकी प्रेरणा से भविष्य में मिलते रहें ।

Batch 77 (Maths Group)



नाम	:	**अनिल कुमार चौबे**
व्यवसाय	:	**भिलाई स्टील प्लांट में कार्यरत**
जन्मतिथि	:	07.दिसम्बर.1960
विवाह की तिथि	:	10 जुलाई 1988
जीवन साथी का नाम	:	श्रीमती सुमन चौबे
जन्मतिथि	:	03.मई.1964
जीवन साथी का व्यवसाय	:	गृहणी
बच्चों का नाम एवं जन्मतिथि	:	वैभव–[illegible]
ईमेल	:	vaibhavchoubey-25@yahoo.com
शिक्षा	:	हायर सेकंडरी
स्कूल का यादगार मित्र	:	अजय, योगेश, राजेन्द्र, अनिल
मेरे जीवन का यादगार क्षण:		एन.सी.सी. कैम्प
मेरी रूचि (हॉबी)	:	बागवानी
मेरा पसंदीदा कलर	:	गुलाबी
मेरा प्रिय शिक्षक	:	श्री डी.आर.यादव, श्री एम.एन.लाल
मेरे जीवन का उद्देश्य	:	अच्छा इंसान बनना
मेरे जीवन के प्रशंसनीय व्यक्ति	:	मेरे पालक

जीवन में ऐसा कार्य जो मैं नहीं कर सका : उच्च शिक्षा ग्रहण करना ।
लेकिन करना चाहता हूं

Batch 77 (Maths Group)



नाम	:	**अनिल सिंह**
व्यवसाय	:	**भिलाई स्टील प्लांट में कार्यरत**
जन्मतिथि	:	01.जुलाई.1962
विवाह की तिथि	:	20 जून 1990
जीवन साथी का नाम	:	श्रीमती लता सिंह
जन्मतिथि	:	30.नवम्बर.1965
जीवन साथी का व्यवसाय	:	व्याख्याता (गणित)
बच्चों का नाम एवं जन्मतिथि	:	अभिषेक 7.8.71, कंचन 1.1.96 [illegible]
शिक्षा	:	बी.एस.सी., बी.सी.ए.
स्कूल का यादगार क्षण	:	पिकनिक
स्कूल का यादगार मित्र	:	ललित ठक्कर
स्कूल का यादगार क्षण	:	रायपुर में विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेना
मेरा पसंदीदा कलर	:	हरा
मेरा प्रिय शिक्षक	:	श्री डी.आर.यादव
मेरे जीवन का उद्देश्य	:	गरीबों की सेवा
मेरे जीवन के प्रशंसनीय व्यक्ति	:	मेरे पिता
इस आयोजन पर मेरी सलाह	:	प्रतिवर्ष आयोजित किया जाए ।

Batch 77 (Maths Group)



नाम	**राजेन्द्र वर्मा**
व्यवसाय	**भारतीय स्टेट बैंक में सेवारत**
जन्मतिथि	23 जनवरी 1961
विवाह की तिथि	17 मई 1989
जीवन साथी का नाम	श्रीमती हेमलता वर्मा
जन्मतिथि	24 मई 1968
जीवन साथी का व्यवसाय	गृहणी
बच्चों का नाम एवं जन्मतिथि	कु.रुची वर्मा 03 सितम्बर 1991,प्रवीण वर्मा 21 सितम्बर 1996
ईमेल	rajendra.verma16@yahoo.com,rajendra_verma@sbi.co.in
शिक्षा	DCP (POLYTECH)B.Com ,M.A.(HINDI)JAIIB,CIF,AMFI
स्कूल का यादगार क्षण	वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आना,वार्षिकोत्सव
स्कूल का यादगार मित्र	मनोज,विमल,अरूणिमा,सत्यरंजन
जीवन का यादगार क्षण	बिटिया का जन्म
मेरे जीवन की संवेदनशील घटना	दीपावली में फटाके से दाहिना हाथ जल जाना,लिख -पढ़ न पाना
मेरी रूचि (हॉबी)	योग ध्यान ,आध्यात्मिक साहित्य
